# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–26.09.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत रांची में कुम्हार चाक और टूल किट का हुआ वितरण, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा–स्वदेशी सामान के उपयोग से देश बन रहा आत्मनिर्भर।**
2. **राज्यभर में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद, सरायकेला, पलामू और पाकुड़ में अधिकारियों ने पंडालों का किया निरीक्षण, लोगों से शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील।**
3. **जमशेदपुर पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह का किया पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार, आठ चोरी की बाइक बरामद।**
4. **मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक राज्य में बारिश और वज्रपात की दी चेतावनी, कई जिलों में येलो अलर्ट जारी।**
5. **एशिया कप क्रिकेट सुपर फोर में आज भारत का सामना श्रीलंका से।**

*******************

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अंतर्गत ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत आज रांची के डोरंडा जैप–1 शौर्य सभागार में 80 विद्युत चालित कुम्हार चाक और 20 इलेक्ट्रीशियन टूल किट का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुसार स्वदेशी सामान बनाकर और उपयोग करके देश को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

वहीं राष्ट्रीय खादी बोर्ड के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड के लोग इस अभियान में सहयोगी बनकर अपने घर से स्वदेशी सामान बनाकर देश को आगे बढ़ायेंगे। कार्यक्रम में रांची के विधायक सीपी सिंह और खादी बोर्ड रांची की कार्यपालिका अधिकारी सुमन पाठक भी मौजूद रहे।

*******************

सरायकेला में डीआईजी कोल्हान ने जिला पुलिस मुख्यालय में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन और दुर्गा पूजा के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित गश्ती बढ़ाने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और सड़क सुरक्षा के लिए ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही पंडाल क्षेत्रों में भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक डायवर्जन की योजना पर विशेष जोर दिया गया।

*******************

पलामू उपायुक्त समीरा एस और एसपी रिष्मा रमेशन ने छत्तरपुर, नावा बाजार और पंडवा में दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और विद्युत व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों और पूजा समितियों को विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिशा–निर्देश दिए और प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन ने लोगों से शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

*******************

पाकुड़ में दुर्गापूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद करने के लिए पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने जवानों और अधिकारियों को ब्रीफिंग दी। उन्होंने पूजा पंडालों और मंदिरों में ड्यूटी के दौरान संयम, शालीनता और तत्परता बरतने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि किसी भी गड़बड़ी की सूचना तुरंत वरीय अधिकारियों और कंट्रोल रूम को दी जाए तथा पुलिस जनता की सहयोगी बने।

*******************

गुमला में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हर पंचायत में शत–प्रतिशत नागरिकों का स्पुटम टेस्ट कराने और मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम में सहिया की मदद से सेवाओं को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। बैठक में अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने पर जोर दिया गया।

*******************

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर रांची के ऑड्रे हाउस में कल सुबह 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन, लाइव कुकरी शो, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे।

*******************

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं, जो इस महीने की 22 तारीख से लागू हो चुके हैं। नए ढांचे के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत की पूर्व की चार–स्तरीय संरचना को सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना बना दी है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर घटने से नागरिकों को काफी राहत मिली है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के लोग जीएसटी की दरों में बदलाव को लेकर राहत महसूस कर रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

जमशेदपुर में मानगो थाना पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 8 चोरी की बाइक बरामद की। सिटी एसपी कुमार शिव आशीष ने जानकारी दी कि पिछले 5 वर्षों में 635 बाइक चोर गिरफ्तार किए गए हैं। शहर में अभी भी 6 सक्रिय बाइक चोरी गैंग पर निगरानी और क्रैकडाउन जारी है।

*******************

मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक राज्य में वर्षा और वज्रपात की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। कल अधिकांश स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जबकि 28 और 29 सितंबर को कुछ जगहों पर वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी और रामगढ़ में ऑरेंज अलर्ट के साथ गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में येलो अलर्ट जारी किया।

*******************

पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के मायापुर चाड़ो गांव में वज्रपात से 6 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची झुलस गई और दो बाल–बाल बच गए। घटना उस समय हुई जब चारों बच्चे बारिश से बचने के लिए नीम के पेड़ के नीचे खड़े थे।

*******************

दुबई में एशिया कप क्रिकेट के सुपर फोर के अंतिम मैच में आज शाम भारत का सामना श्रीलंका से होगा। यह मैच रात आठ बजे से खेला जाएगा। कल पाकिस्तान ने बांग्लादेश को ग्यारह रन से हरा दिया। फाइनल में रविवार को भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

**************